# कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा।

## (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

बिहार शिक्षा परियोजना, सहरसा।
Email : bep.saharsa@gmail.com

पत्रांक :– SSA/Quality/........../2024–25 / 02.... दिनांक 01/01/ 2026

प्रेषक,

मिथिलेश कुमार (बि०शि०से०)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान
बिहार शिक्षा परियोजना, सहरसा।

सेवा में,

सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी
जिला – सहरसा।

विषय : माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित परीक्षा पे चर्चा **(PPC-2026)** सत्र को दिखाने की आवश्यक व्यवस्था तथा **दिनांक 01.12.2025 से 11.01.2026** तक परीक्षा पे चर्चा क्विज में पंजीकरण कराने के संबंध में।

प्रसंग : **राज्य स्तरीय कार्यालय आदेश पत्रांक : 3591 दिनांक 15.12.2025, पत्रांक : 3606, दिनांक 17.12.2025 एवं कार्यालय पत्रांक : 1657 दिनांक 23.12.2025, पत्रांक : 1610, दिनांक 17.12.2025 तथा पत्रांक : 1658 दिनांक 23.12.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र का स्मरण करना चाहेगें, जिसमें आपको माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित परीक्षा पे चर्चा **(PPC-2026)** सत्र को दिखाने की व्यवस्था तथा **दिनांक 01.12.2025 से 11.01.2026** तक परीक्षा पे चर्चा क्विज में छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों का पंजीकरण करने का निदेश पूर्व में भी आपको दिया गया है। इस संबंध में जिला के लक्ष्य के अनुरूप प्रगति संतोषजनक नही है। विदित हो कि जिले को कक्षा 6–12 में कुल 100728 छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों का पंजीयन कराया जाना है। वर्तमान समय में मात्र 6094 छात्र–छात्राओं, 825 शिक्षको एवं 33 अभिभावकों के द्वारा पंजीयन जिला स्तरीय कर्मी के द्वारा कराया गया है एवं प्रखण्ड स्तर पर आपके द्वारा कार्य में रूचि नही ली जा रही है जिसके कारण राज्य में जिला का रैंक संतोषजनक नही है।

अतः आप सभी को निदेशित किया जाता है कि **दिनांक 11.01.2026** तक अपने प्रखण्ड के विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों का पंजीकरण **परीक्षा पे चर्चा (PPC-2026) पोर्टल** पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित किया जाय। पंजीकरण करने हेतु सुलभ विडियो पत्र के साथ संलग्न है।

**अनुलग्नक :– यथोक्त।**

विश्वासभाजन
01-01-26

( मिथिलेश कुमार )
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
बिहार शिक्षा परियोजना, सहरसा।

01.1.26

ज्ञापांक : SSA/Quality/........../2024–25 / 02.....सहरसा, दिनांक 01/01/ 2026

प्रतिलिपि – सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिला – सहरसा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

01-01-26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
बिहार शिक्षा परियोजना, सहरसा।

01.1.26



Scanned with OKEN Scanner